# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (28.02.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR,
DATE:28.02.2025, PAGE-06

## बीआरएबीयू में अपर लॉ अधिकारी नियुक्त

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में अपर लॉ अधिकारी की नियुक्ति हुई है। विवि प्रशासन ने एमएस कॉलेज मोतिहारी की खानम आफरीन को अपर लॉ अफसर बनाया गया। उन्हें तत्काल प्रभाव से ज्वाइन करने का निर्देश दिया गया है। बीआरएबीयू में पहली बार अपर लॉ आफिसर की नियुक्ति की गई है। उन्हें यह जिम्मेदारी एमएस कॉलेज के अतिरिक्त दी गई है।

## सीनेट बैठक से 15 दिन पहले सिंडिकेट चुनाव

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में सीनेट की बैठक से 15 दिन पहले सिंडिकेट चुनाव की प्रक्रिया होगी। बीआरएबीयू में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होनी है। सिंडिकेट के आठ सदस्यों के लिए चुनाव होना है। सीनेट के सदस्य ही सिंडिकेट के सदस्य का चुनाव करते हैं। बीआरएबीयू में सिंडिकेट के अलावा एकेडमिक काउंसिल और वित्त समिति के सदस्यों का भी चुनाव किया जाना है। इसकी प्रक्रिया भी सीनेट बैठक से पहले होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 28.02.2025, PAGE-06

# तनाव मुक्त होकर करें प्रदर्शन: वीसी

## बीआरएबीयू

- राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने कल नोएडा जायेगी टीम
- विवि की सांस्कृतिक टीम में 19 सदस्य किये गये शामिल

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। 38वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024-25 में भाग लेने के लिए बीआरएबीयू की सांस्कृतिक टीम एक मार्च को नोएडा रवाना होगी। नोएडा जाने से पहले गुरुवार को टीम के सदस्यों ने समन्वयक प्रो. इंदुधर झा के नेतृत्व में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय से मुलाकात की। कुलपति ने टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप तनाव में बिल्कुल न रहें, तनाव बढ़ने का असर प्रस्तुति पर पड़ता है। आप जितना तनावमुक्त होंगे आपकी प्रस्तुतियां उतनी ही अच्छी होंगी। हमें विश्वास है कि हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. झा ने कहा कि 19 सदस्यीय टीम एक मार्च को नोएडा के लिए रवाना होगी। दो मार्च को टीम का रजिस्ट्रेशन होगा और तीन मार्च से प्रतियोगिता शुरू होगी। इसबार 148 विश्वविद्यालयों की टीम नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने जा रही है। बीआरएबीयू से समूह लोकनृत्य में अर्पिता कुमारी (एमजेके कॉलेज बेतिया), शुगुन श्रीवास्तव, आस्था राज, समीक्षा कुमारी, श्वेता कुमारी (एलएनटी कॉलेज), अनन्या कुमारी एवं बरखा कुमारी (डॉ.आरएमएलएस कॉलेज), साक्षी प्रिया, अंजली कुमारी एवं श्रृष्टि प्रसून (आरडीएस कॉलेज) और शिवांशि शंकर व कौशिकी पूजा (एमडीडीएम कॉलेज) और रजनीश कुमार (एलएस कॉलेज) को मिमिक्री में भाग लेना है।

समूह नृत्य का विषय भिखारी ठाकुर द्वारा रचित गीत बिदेसिया में होली के अंश को जोड़ा गया है। कमाने के लिए दूर देश गये अपने पति की विरहिनी पत्नियां बहुत ही मायूस रहती हैं। बाद में जब वह लौटकर वापस घर आता है और वह भी होली जैसे रंगीन पर्व त्योहार के अवसर पर, तो उसकी खुशियों का कोई ठिकाना नहीं रहता। मिमिक्री में रजनीश कुमार ने अपनी तैयारी अच्छी की है। अलग-अलग कैरेक्टर की जुबान में तो वे बोलते ही हैं अलग-अलग जानवरों की आवाज भी बखूबी निकालते हैं।

इस मौके पर प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय, कल्चरल कमेटी मेंबर प्रो. रजनीश कुमार गुप्ता, डॉ. रमेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रोजी सुलोचना, प्रो. संजय कुमार, प्रो. रामकुमार, डॉ. श्रुति मिश्रा, डॉ. दिलीप कुमार एवं लॉ ऑफिसर डॉ. सत्यप्रकाश राय मौजूद थे। डॉ. पयोली, अजय कुमार, प्रो. इंदुधर झा टीम के साथ रहेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE: 28.02.2025
PAGE-0

## कॉलेजों में खुलेंगे यूजी व पीजी कोर्स

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के कई कॉलेजों में यूजी और पीजी के नये कोर्स खोले जाएंगे। कॉलेजों से इसका प्रस्ताव विवि के पास भेजा गया है। संबद्धन कमेटी की बैठक में इन कोर्स को खोलने का प्रस्ताव रखा जायेगा।

भौतिक सत्यापन के बाद एफलियेशन कमेटी से प्रस्ताव को पास किया जायेगा। बीआरएबीयू के एलएनटी कॉलेज से राजनीति विज्ञान, हिन्दी, इंगलिश, हिस्ट्री और कॉमर्स में पीजी की पढ़ाई शुरू करने का प्रस्ताव गया है। रामेश्वर कॉलेज से पीजी में हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र और जूलाजी विषय शुरू करने का प्रस्ताव गया है।

DAINIK JAGRAN,
MUZAFFARPUR
DATE:28.02.2025,
PAGE-04

## अपर ला अधिकारी नियुक्त

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अपर ला अधिकारी की नियुक्ति की गई है। एमएस कालेज मोतिहारी की खानम आफरीन को अपर ला अधिकारी बनाया गया है। पहली बार अपर ला अधिकारी की नियुक्ति की गई है। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 28.02.2025, PAGE-06

## प्रोफेसर शब्बीर अहमद बने सीनेट के सदस्य

**मुजफ्फरपुर**.प्रो शब्बीर अहमद को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय का सीनेट सदस्य चुना गया है. इसकी अधिसूचना गुरुवार को जारी की गई है. वे तीन वर्ष के लिए सीनेट सदस्य बने हैं. उन्हें सदस्य चुने जाने पर कई शिक्षकों ने बधाई दी है.

**Ref:....................** **Date:.........................**


PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE: 28.02.2025
PAGE-06


# बीआरएबीयू में अपर लॉ अफसर की हुई नियुक्ति

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में अपर लॉ अधिकारी की नियुक्ति की गई है. एमएस कॉलेज मोतिहारी की डॉ. खानम आफरीन को अपर लॉ अधिकारी बनाया गया है. पहली बार अपर लॉ अधिकारी की नियुक्ति की गयी है. इसको लेकर कुलपति के आदेश पर गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया गया. इससे पहले डॉ सत्यप्रकाश राय ने इस्तीफा दे दिया था.

**जूलॉजी के नये बने विभागाध्यक्ष :** बीआरएबीयू में डॉ. राकेश मोहन को जूलॉजी विभाग को विभागाध्यक्ष बनाया गया है. कुलपति के आदेश पर गुरुवार को इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया गया. डॉ. राकेश मोहन फिलहाल हाजीपुर आरएन कॉलेज में जूलॉजी विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है.